कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 वन एवं वन्यजीव प्रभाग–उन्नाव।
पत्रांक 185 /15-1 दिनांक, उन्नाव जुलाई 20, 2019

सेवा में,

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
उन्नाव।

विषयः– दही चौकी पावर हाउस से अग्नि शमन प्रशिक्षण केन्द्र दोस्तीनगर तक बाईपास का निर्माण।

महोदय,

दिनांक 17–07–2019 को जिलाधिकारी महोदय, उन्नाव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया था कि उपरोक्त विषयांकित मार्ग के निर्माण में प्रभावित 7.248 हे0 वन भूमि को गैर वानिकी प्रयोग के सम्बन्ध मे क्षतिपूरक वनीकरण हेतु राजस्व विभाग/वन विभाग से भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय, द्वारा दिये गये है। उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना कि वन विभाग के पास खाली भूमि उपलब्ध नहीं है।

अतः कृपया राजस्व विभाग से सम्पर्क कर समतुल्य भूमि वन विभाग के पक्ष मे कराते हुये इन्खाब, खसरा खतौनी तथा प्रस्तावित स्थल का डिजिटल मैप तथा टोपो शीट 4–4 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि विषयगत प्रस्ताव पर तत्काल अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकें।

(ओ0पी0सिंह)
प्रभागीय निदेशक
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग,
उन्नाव।

Keahil